an>

Title: Need to construct the Kendriya Vidyalaya building in Chitrakoot, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जनपद आते हैं- बाँदा और चित्रकूट। बाँदा जिले में केन्द्रीय विद्यालय काफी पहले खोला गया था, लेकिन अपना भवन न बन पाने के कारण एवं राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जमीन उपलब्ध न कराने के कारण बन्द हो गया है। अस्तु, उक्त बाँदा जनपद केन्द्रीय विद्यालय की सुविधा से वंचित है।

इसी तरह चित्रकूट जनपद में केन्द्रीय विद्यालय वर्तमान में नगरपालिका परिÂषद के रैन बसेरा, सीतापुर में चल रहा है। इसके लिए जमीन भी नगरपालिका से सटे डिलौरा ग्राम सभा में कलेक्ट्रेट के पास दे दी गयी है और विभाग के नाम रजिस्ट्री भी कर दी गयी है, लेकिन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय अधिकारी उस जमीन पर कब्जा लेकर वहां निर्माण कार्य नहीं करा रहे हैं, वे हीला-हवाली कर रहे हैं। कई बार इस हेतु मैंने मानव संसाधन समिति की बैठक में भी बात उठाई, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त से भी मैंने कई बार कहा, वर्तमान आयुक्त मल्ल जी से भी कई बार लिखा-पढ़ी की गयी है, लेकिन वहां पर अभी काम शुरू नहीं किया गया है, उस जमीन का कब्जा नहीं लिया गया है। नगरपालिका परिÂषद वहां से वह विद्यालय हटाने के लिए बार-बार दबाव डालती है। इस प्रकार से चित्रकूट जनपद का भी यह केन्द्रीय विद्यालय बन्द हो जाएगा।

अस्तु, आपके माध्यम से मैं सरकार से और मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि बाँदा जिले में बन्द स्कूल को शुरू कराएं और चित्रकूट में जो जमीन केन्द्रीय विद्यालय के लिए ली गयी है, उसका कब्जा लेकर वहां शीघ्र निर्माण शुरू कराने की कृपा करें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.